हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, गुरुवार, 13 जून 2024

11 समाधान शिविर में पीपीपी से जुड़ी समस्याओं का हुआ निपटारा



12 बाढ़ के मुआवजे की मांगो पर किसानों ने किया प्रदर्शन



## खबर संक्षेप

### दुकान का गल्ला तोड़कर चुराई नकदी

**जाखल।** चोरों ने जाखल में एक दुकान के गल्ले का ताला तोड़कर उसमें रखी हजारों रुपये की नकदी चोरी कर ली। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और चोर की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मास्टर कालोनी जाखल निवासी पवन कुमार ने कहा है कि उसकी जाखल में अभी ट्रेडिंग कम्पनी के नाम से सीमेंट की दुकान है। गत दिवस दोपहर को वह किसी काम से घर चला गया था। कुछ देर बाद जब वह वापस दुकान पर आया तो दुकान के गल्ले का ताला टूटा हुआ था।

### ट्रैक्टर ने कार में मारी टक्कर

**फतेहाबाद।** गांव जांडली खुर्द के पास एक ट्रैक्टर ने कार में टक्कर दे मारी, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई जबकि चालक को मामूली चोटें आई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव नागली निवासी सुरेन्द्र गिल ने कहा है कि गत दिवस रात को करीब साढ़े 10 बजे वह गाड़ी लेकर गांव जांडली कलां से अपने घर जा रहा था। रास्ते में जांडली खुर्द बस अड्डे के पास भूना की तरफ से आ रही एक ट्रैक्टर-ट्राली के चालक ने ट्रैक्टर को तेजगति से चलाते हुए उसकी गाड़ी में टक्कर दे मारी।

### हेरोइन सहित गांव बीघड़ के दो युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए फतेहाबाद पुलिस ने दो युवकों को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार हरियाणा राज्य नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो की टीम एएसआई जयबीर सिंह के नेतृत्व में नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने को लेकर गश्त के दौरान सिरसा से फतेहाबाद की तरफ आ रही थी। जैसे ही टीम नेशनल हाइवे पर पहुंची तो सामने सड़क के रोंग साइड खड़े मोटरसाइकिल के पास दो युवक से हेरोइन बरामद की।

### फतेहाबाद व टोहाना से तीन मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने गत दिवस फतेहाबाद व टोहाना शहर से तीन मोटरसाइकिल चोरी कर लिए। पुलिस को दी शिकायत में भाटिया कालोनी फतेहाबाद निवासी पूर्णचंद ने कहा है कि उसकी शिवालय मार्किट में पेस्टीसाइड की दुकान है। गत दिवस उसने अपने मोटरसाइकिल को दुकान के बाहर खड़ा किया और दुकान में चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था।

### रतिया में दो युवक हुए साइबर ठगी का शिकार

**रतिया।** शहर के दो युवकों के साइबर ठगी का शिकार होने का समाचार है। दोनों पीड़ितों ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में नहर कालोनी रतिया निवासी संदीप कुमार ने कहा है कि 2 मई को उसके पास अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाले ने उसे अपनी बातों में फंसा लिया और उसको झांसा देकर उसके खाते से 7098 रुपये अपने द्वारा बताए गए गुगल पे व फोन पे पर डलवा लिए। संदीप ने कहा कि आरोपी ने उसे फर्जी मैसेज

### रतिया में जुआ खेलते छह गिरफ्तार

**रतिया।** सीआईए पुलिस टीम ने रतिया में दुकान के ऊपर बने कमरे में छापेमारी कर 6 लोगों को जुआ खेलते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से 2 लाख 73 हजार रुपये की जुआ राशि बरामद की है। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि बिट्टू की दुकानों के ऊपर बने मकान में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और देखा कि दुकानों के ऊपर बने कमरे में 6 लोग जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने छापेमारी कर सभी लोगों को गिरफ्तार किया है।

### प्रशासन ने जिले में बनाए तीन कंट्रोल रूम, डीसी ने किया बाढ़ संभावित क्षेत्रों का दौरा

# फतेहाबाद जिले के 114 गांवों में बाढ़ का खतरा

# रतिया रोड पर तेजी से हो रहा अंडरपास का निर्माण

प्रशासन बाढ़ राहत को लेकर सभी आवश्यक प्रबंध कर रहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** जिला में बाढ़ संभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लेते उपायुक्त राहुल नरवाल।

पिछले साल शिवालिक की पहाड़ियों में हुई तेज बरसात से यहां से गुजर रही घग्घर नदी में बाढ़ आने से फतेहाबाद जिले की 120 गांव व ढाणियां डूब गई थी। करीब एक लाख एकड़ में खड़ी फसल खराब हो गई थी। दरअसल 15 जुलाई 2023 को जाखल का चांदपुरा हैड ओवरफ्लो हुआ तो शक्करपुरा से गुजर रहा रंगोई नाला भी टूट गया। परिणाम यह हुआ कि बाढ़ का पानी बड़ी रफ्तार से चिम्मो, रतिया होते हुए फतेहाबाद शहर के बाईपास तक पहुंच गया। पिछले साल जैसी प्राकृतिक आपदा से सबक लेते हुए जिला प्रशासन ने रतिया मार्ग पर पहले कच्चे मार्ग पर अब पक्के अंडरपास बना दिए है और कईयों का निर्माण कार्य जारी है ताकि एक दिशा का पानी सड़क की दूसरी तरफ जा सके। उधर, बुधवार को उपायुक्त राहुल नरवाल ने अधिकारियों की टीम के साथ बाढ़ संभावित क्षेत्रों का दौरा कर निरीक्षण किया। उपायुक्त ने अयाल्की, रतिया-बुढ़लाढा रोड पर बने पुल, घासवा हैड, चिम्मो साइफन, शक्करपूरा रंगोई नाला, चांदपुरा साइफन, चांदपुरा बांध, रंगोई नाला साइफन, जोया नाला और बलियाला हैड का निरीक्षण किया। उपायुक्त राहुल नरवाल ने कहा कि जिले में मानसून के दस्तक देने के साथ ही प्रशासन द्वारा बाढ़ राहत को लेकर सभी आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं। जिले में बाढ़ का पानी किसी प्रकार का नुकसान ना पहुंचाए, इसके लिए प्रशासन ने संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटियां लगाकर उन्हें अलर्ट कर दिया है, वहीं जिले में उपलब्ध संसाधनों को भी तैयारी पर रखा गया है। बाढ़ राहत के लिए लघु सचिवालय, रतिया तथा टोहाना में कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। जिले की फतेहाबाद, रतिया, कुलां, जाखल व टोहाना तहसील के कुल 114 गांव ऐसे हैं, जहां बाढ़ आने का खतरा रहता है। उक्त सभी गावों में रिंग बांध मजबूत करने के निर्देश उपायुक्त ने सभी बीडीपीओ को दिये। इसके अलावा पिछले 3 सालों में बाढ़ राहत को सरकार व प्रशासन द्वारा काफी नए निर्माण भी किए गए हैं ताकि खतरे वाले इलाके के लोगों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। गांव खाबडा कलां और भीमेवाला में पाइपलाइन ड्रेन का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा रंगोई नालों की क्षमता भी बढ़ाई गई है। उपायुक्त ने बताया कि जिला प्रशासन के पास 13 डीजल चालित पम्पसेट, बिजली चालित 83 पंपसेट, 39 वर्टिकल टरबाइन सहित लगभग 26 किलोमीटर की पाइपलाइन उपलब्ध हैं। रंगोई नाला की सफाई चल रही हैं।

### डीसी के साथ ये अधिकारी रहे मौजूद

इस अवसर पर अंडरट्रेनी आईएएस आकाश, एसडीएम प्रतीक हुड्डा व जगदीश चंद्र, डीएसपी जयपाल सिंह, डीआरओ राज कुमार, एसई ओपी बिशनोई, कार्यकारी अभियंता केसी कंबोज, डिप्टी सीएमओ मेजर शरद टूली, डॉ. विष्णु दत्त, तहसीलदार सन्नी दलाल, डीडीए डॉ. राजेश सिंह, डीडीएएच डॉ. सुखविंद्र सिंह, बीडीपीओ हुकमचंद, ईओ राजेंद्र सोनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

जिला में 13 ड्रैन है जिनकी सफाई का काम शुरू करवाया जा चुका है और 30 जून तक सफाई कर ली जाएगी।

## बाढ़ नियंत्रण प्रबंधों की समय रहते करें पुख्ता तैयारी : उपायुक्त



**सिरसा।** उपायुक्त आर.के सिंह ने कहा कि जिला में बारिश के मौसम में बाढ़ नियंत्रण व बचाव संबंधी सभी प्रबन्ध पुख्ता हो, इसके लिए अभी से तैयारी शुरू की जाए। इसके लिए संबंधित विभाग अपनी तैयारियां शुरू कर दें। राजस्व विभाग जिला आपदा प्रबंधन योजना के तहत जरूरी उपकरण एवं संसाधन तथा डाटा अवश्य अपडेट कर लें। उपायुक्त बुधवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला प्रशासन के संबंधित विभागों के साथ बाढ़ बचाव प्रबंधों व तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग द्वारा नदियों, नहरों व ड्रेनों के तटबंध मजबूत करने तथा इनकी गाद निकालकर सफाई करने जैसे कार्य समय पर पूर्ण कर लिए जाएं। इसके अलावा संभावित प्रभावित क्षेत्रों में पंपों की उपलब्धता तथा उनकी वर्किंग कंडीशन चेक कर ली जाएं। सभी तैयारियों व उपकरणों को संबंधित विभाग के अधिकारी स्वयं चेक करें। एसडीएम संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्र व गांवों का दौरा जरूर करें। उन्होंने तहसीलदार व जिला विकास एवं पंचायत अधिकारियों से कहा कि वे अपने अधीन पटवारी, ग्राम सचिव आदि को एक्टिव रखें तथा गांव की चौपालों व धर्मशालाओं की पहले से ही सफाई करवाएं। इसके साथ ही गांवों के सरपंचों व नंबरदारों से तालमेल रखें। उपायुक्त ने कहा कि जनस्वास्थ्य विभाग शहर में बरसात के समय विभिन्न स्थानों पर जमा होने वाले पानी की निकासी आदि की तुरंत व्यवस्था सुनिश्चित करें। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ विवेक भारती, एसडीएम सिरसा राजेन्द्र कुमार, एसडीएम ऐलनाबाद वेद प्रकाश बेनीवाल, एसडीएम कालांवाली सुरेश रावेश, डीएमसी सुरेंद्र, सीईओ जिला परिषद सुभाष चंद्र सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## राज्य स्तरीय समारोह में तीन महिलाएं होंगी सम्मानित

### विश्व रक्तदाता दिवस पर 14 जून को राज्यपाल करेंगे सम्मानित

- पांच शिक्षण व सामाजिक संस्थाएं भी होंगी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 14 जून को हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय द्वारा एसडी कॉलेज, अम्बाला कैंट में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में जिला फतेहाबाद की तीन रक्तदानी महिलाओं और पांच शिक्षण व सामाजिक संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष राहुल नरवाल ने 14 जून को सम्मानित होने वाली सभी रक्तदानी महिलाओं और सामाजिक संस्थाओं को साधुवाद दिया और कहा कि जो कार्य उनके द्वारा किया गया है वह मानव कल्याण के लिए उल्लेखनीय कार्य है। उन्होंने बताया कि पिछले पांच वर्षों में 10 बार से अधिक बार रक्तदान करने वाले रक्तदानी टोहाना निवासी रेखा मेहता, शानू जैन, प्रेमलता भुटानी तथा गत पांच वर्षों में 10 से अधिक बार रक्तदान शिविर आयोजित करने पर भारत विकास परिषद टोहाना, एमएम कॉलेज फतेहाबाद, खुशी नई उम्मीद वेलफेयर सोसायटी भट्टू कलां, गुरूद्वारा सिंह सभा सालम खेड़ा व सदगुरु कृपा अपना घर आश्रम फतेहाबाद को जिले में समय-समय पर रक्तदान शिविर लगाने व उनके द्वारा समय-समय पर आपातकालिन सेवा के लिए जिला एवं जिले से बाहर स्वैच्छिक रूप से रक्तदान करने के लिए सम्मानित किया जाएगा।

#### रक्तदान करने के प्रति किया जागरूक

उपायुक्त राहुल नरवाल ने जिले के सभी सामाजिक संस्थाओं, रक्तदानियों व शिक्षण संस्थानों से अनुरोध किया कि वे नियमित रूप से रेडक्रॉस सोसायटी व स्वास्थ्य विभाग ब्लड बैंक की टीम के साथ मिलकर रक्तदान शिविर लगाएं और उसका पूरा रिकार्ड तैयार रखें जिससे कि आने वाले समय में राज्य स्तर व राष्ट्रीय स्तर के सम्मान समारोह में जिला फतेहाबाद सहित सामाजिक संगठनों व रक्तदानियों का नाम भेजा जा सके। उपायुक्त ने बताया कि जिले में 100 से अधिक सामाजिक संगठन व शिक्षण संस्थाएं हैं जो समय-समय पर रेडक्रॉस सोसायटी के साथ मिलकर रक्तदान शिविर लगाती हैं। सामाजिक संगठनों को और अधिक रक्तदान शिविर लगाने चाहिए और 18 वर्ष से अधिक की आयु के युवा रक्तदाताओं को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए जिससे सरकारी रक्तकोष में रक्त का अभाव ना रहे।

## बैंक्वेट हॉल में लगी आग, सामान जला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** टोहाना में मैरिज पैलेस में आग की भेंट चढ़ा सामान।

जिले के शहर टोहाना में हिसार रोड स्थित शाही बाग बैंक्वेट हाल में बुधवार को अचानक भयंकर आग लग गई। देखते ही देखते मैरिज पैलेस से आग की ऊंची-ऊंची लपटें उठनी शुरू हो गई और लाखों रुपये का टेंट कुछ ही मिनटों में पूरी तरह जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि जिस समय मैरिज पैलेस में आग लगी, उस समय हाल में लोग मौजूद नहीं थे, जिस कारण जानमाल का नुकसान होने से टल गया। सूचना मिलने के तुरंत बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई और दमकल कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के अनुसार टोहाना के हिसार रोड पर हरबंस सेठी का शाही बाग बैंक्वेट हॉल बना हुआ है। मैरिज पैलेस में बुधवार सुबह करीब सवा 6 बजे अज्ञात कारणों से डेकोरेटिव गेट के टेंट में आग लग गई। इसी दौरान वहां से गुजर रहे किसी व्यक्ति ने आग देखकर इस बारे डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस द्वारा फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया। तुरंत ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया। समय रहते आग बुझाने से बड़ा नुकसान होने से टल गया। हालांकि लाखों का टेंट जलकर राख हो गया।

## चिल्ली की जमीन पर गेट लगाकर कब्जे का प्रयास

- पुलिस ने बाप-बेटे के खिलाफ केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

चिल्ली झील पर जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा बनाए गए डिस्पोजल की जगह पर बाप-बेटे द्वारा गेट लगाकर कब्जा करने का मामला सामने आया है। इस बारे जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। इस मामले में पुलिस ने डेविड व उसके पिता चाननराम के खिलाफ सरकारी सम्पति को नुकसान पहुंचाने व सरकारी काम में बाधा पहुंचाने के आरोप में केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में जनस्वास्थ्य विभाग के उपमंडल अभियंता सतपाल रोज ने कहा है कि विभाग द्वारा चिल्ली क्षेत्र मे डिस्पोजल व स्टॉर्म वाटर डिस्पोजल बनाया हुआ है। इस भूमि की मलकियत नगरपरिषद के नाम है। उन्हें सूचना मिली कि उक्त जगह पर उक्त लोगों ने गेट लगाकर कब्जा कर लिया है और जेसीबी चलाकर समतल करके उस पर दिवार निकालने की कोशिश की जा रही है।

## गलत काम की पेमेंट न करने से खफा ठेकेदार ने अधिकारी से की मारपीट

- ठेकेदार ने अधिकारी को जान से मारने की भी धमकी देने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

लोक निर्माण विभाग के अधिकारी द्वारा ठेकेदार की गलत काम की पैमेंट करने से इंकार करने से खफा ठेकेदार रमेश पूनियां ने अधिकारी के साथ हाथापाई शुरू कर दी। आरोप है कि ठेकेदार ने अधिकारी को जान से मारने की भी धमकी दी। इस मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने ठेकेदार रमेश पूनियां के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में लोक निर्माण विभाग फतेहाबाद के कार्यकारी अभियंता कश्मीर चंद कम्बोज ने कहा है कि गत दिवस शाम को ठेकेदार रमेश पूनियां बीघड़ रोड स्थित पीडब्ल्यूडी कार्यालय में आया और उससे गलत कार्य की पैमेंट करने व सिक्योरिटी का उसी समय भुगतान करने के लिए कहा। इस पर उसने कहा कि गलत कार्य की पैमेंट नहीं की जा सकती।

#### काम ठीक करवाने पर पेमेंट देने को कहा

कल वह काम चैक कराके आया है, जिसमें पत्थर की जगह मिट्टी अधिक मात्रा में डाली जा रही है। यह कार्य पीडब्ल्यूडी मापदंडों के अनुसार नहीं है। ठेकेदार इस काम को ठीक करवाए और उसके बाद उसकी पेमेंट कर दी जाएगी। अधिकारी ने कहा कि इसके बाद जब वह दफ्तर के साथ अपने सरकारी आवास पर जाने लगा तो ठेकेदार रमेश पूनियां पीछे से आ गया और उसके आवास में घुसकर उसका रास्ता रोक लिया। ठेकेदार ने उसके साथ हाथापाई की कोशिश की और जान से मारने की भी धमकी देने लगा। इसी दौरान चौकीदार सुभाष वहां आ गया। सुभाष ने जब रमेश पूनियां को रोकने की कोशिश की तो उसने सुभाष के साथ भी हाथापाई कर उसे दूर धकेल दिया। बाद में रमेश पूनियां उसे जान से मारने की धमकी देते हुए अपनी थार गाड़ी में बैठकर मौके से फरार हो गया। बाद में अधिकारी ने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

### टोहाना बस स्टैंड से युवती लापता

**फतेहाबाद।** जिले के शहर टोहाना के बस स्टैण्ड से एक युवती के लापता होने का समाचार है। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में गांव दमकौरा निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी 22 वर्षीय लड़की बोहती देवी गत दिवस अपने पति दीपचंद व अपने तीन साल के लड़के के साथ अपनी ससुराल जाने के लिए बस स्टैण्ड टोहाना पर गई थी। इसी दौरान उसकी लड़की बाथरूम करने की बात कहकर गई और उसके बाद वापस नहीं लौटी है। इस पर उन्होंने उसकी काफी जगह तलाश की लेकिन जब उसका कहीं कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

### द सिरसा स्कूल में दो दिवसीय ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता संपन्न

## चौ. देवीलाल बैडमिंटन अकादमी रही ओवरऑल विजेता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा



**सिरसा।** पदक विजेता खिलाड़ी स्कूल निदेशिका व प्रिंसीपल मनीषा गोदारा के साथ।

- अंडर-15 लड़कियों में हर्षिता ने रजत, अंडर-13 लड़कों में कुशल ने रजत पदक प्राप्त किया
- जूनियर विंग की हेड ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी

द सिरसा स्कूल में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन हो गया। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में द सिरसा स्कूल व चौ. देवीलाल बैडमिंटन अकादमी के खिलाड़ी छाए रहे। स्कूल निदेशिका व प्रिंसीपल मनीषा गोदारा व जूनियर विंग की हैड कंवलजीत कौर विर्क ने बताया कि इस ओपन प्रतियोगिता में चौ. देवीलाल बैडमिंटन अकादमी से अंडर-13 लड़कियों में द सिरसा स्कूल की हर्षिता ने रजत पदक, अंडर-15 लड़कियों में हर्षिता ने रजत, अंडर-13 लड़कों में कुशल ने रजत, अंडर-15 लड़कों में ईशान ने स्वर्ण, रिदम ने रजत, अनमोल ने कांस्य, अंडर-13 डबल्स में कुशल व समर ने रजत पदक, अंडर-15 डबल्स में ईशान व रिदम ने स्वर्ण पदक पर कब्जा कर स्कूल का नाम रोशन किया। उन्होंने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और पदक नहीं जीत पाने वाले खिलाड़ियों को और अधिक मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने इस शानदार प्रदर्शन का श्रेय सीनियर कोच दीपेश के मार्गदर्शन व खिलाड़ियों की मेहनत को दिया। मनीषा गोदारा ने कहा कि एक अच्छा खिलाड़ी वही है, जो हार से निराश न होकर और अधिक मेहनत कर अपने खेल में सुधार कर विजेता बनने का प्रयास करे। उन्होंने बताया कि ये सभी खिलाड़ी अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खेलने के लिए जाएंगे।

## मुख्यमंत्री का निर्माण श्रमिकों के लिए बयान सिर्फ झूठ का पुलिंदा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

मुख्यमंत्री द्वारा निर्माण मजदूरों को मिल रही सुविधाओं को लेकर दिया गया ब्यान झूठ का पुलिंदा है। भाजपा राज में निर्माण मजदूरों को कोई सुविधा नहीं मिल रही वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री इस तरह की ब्यानबाजी कर मजदूरों के साथ मजाक कर रहे है। यह बात भवन निर्माण कामगार यूनियन सीटू के जिला अध्यक्ष जगीर सिंह, जिला उपाध्यक्ष धर्मपाल जांडली खुर्द व जिला सचिव ओम प्रकाश अनेजा ने कही। मजदूर नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार अपने राजनैतिक फायदे के लिए बोर्ड के पैसों का दुरुपयोग करके झूठी वाहीवाही लूटने का काम कर रही है। 5 सालों से भाजपा सरकार बोर्ड के पैसों पर कुंडली मारे हुए हैं। जो पैसा मजदूरों को देना चाहिये, उस पर बेमानी ऑब्जेक्शन लगाकर श्रमिकों को सुविधाओं से वंचित किया जा रहा है। भाजपा सरकार ने श्रम बोर्ड को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया है। यूनियन के प्रतिनिधियों ने बार-बार मुख्यमंत्री श्रम मंत्री को निर्माण श्रमिको की समस्याओ को लेकर ज्ञापन दिए मगर इन समस्याओं का समाधान करना तो दूर की बात, आज तक मुख्यमंत्री ने मिलने का समय ही नहीं दिया। बोर्ड में श्रमिकों के प्रतिनिधियों की जगह सरकार के चहेते बैठे है। मजदूर नेताओं ने कहा कि इस सरकार ने निर्माण श्रमिक को धक्के खाने पर मजबूर किया जा रहा है।



फिटनेस फंडा / यश पंडित

## मेरी हेल्थ-फिटनेस का सीक्रेट न्यूट्रिशस डाइट-वॉकिंग-अच्छी नींद

कई फिल्मों और हिट टीवी शोज में नजर आ चुके, यश पंडित हाल में ही सोनी सब टीवी के शो 'आंगन अपनो का' में राकेश की भूमिका में दिखे थे। यहां **हरिभूमि** से अपना फिटनेस फंडा शेयर कर रहे हैं यश पंडित।



हम सभी को अपनी हेल्थ का बहुत ख्याल रखना चाहिए। कहते भी हैं-हेल्थ इज़ वेल्थ। मैं अपने फैंस से यही कहूंगा कि हेल्थ-फिटनेस को लेकर लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए।

### मेरा फिटनेस सीक्रेट

न्यूट्रिशस डाइट, तेज गति से वॉक, खूब पानी पीना और अच्छी नींद लेना। ये चार मेरे फिटनेस सीक्रेट्स हैं। इन चारों को मैं अपनी दिनचर्या में शामिल करता हूं। आप भी इन्हें शामिल करें फिर देखें आपकी हेल्थ कितनी बढ़िया हो जाएगी।

### हल्की एक्सरसाइज़

कोरोना के बाद चूंकि अधिकांश लोगों की इम्यूनिटी पर नेगेटिव असर पड़ा है इसलिए अब वह स्थिति नहीं रही, जब आप तीन-चार घंटे लगातार जिम में जाकर बहुत टफ वर्कआउट करें। आज के समय में हल्का वर्कआउट ही बेहतर है। अब आप शरीर को जरूरत से ज्यादा थकाते हैं तो वह झेल नहीं पाता है। ऐसी खबरें हम अकसर पढ़ते हैं या अपने आस-पास देखते हैं कि कोई जिम में एक्सरसाइज करते हुए गिर गया तो कोई डांस करते हुए। इसलिए शारीरिक क्षमता के अनुसार हल्की एक्सरसाइज ही करना सही है।

### डाइट का रखें ख्याल

हल्की एक्सरसाइज के साथ-साथ अपनी डाइट का पूरा ख्याल हमें रखना चाहिए। न्यूट्रिशस डाइट लें। मैं भी रेग्युलर डाइट में प्रोटीन के अलावा सब्जियों, दालों, फलों को जरूर शामिल करता हूं। ध्यान रहे आपको डेली हैवी ब्रेकफास्ट, न्यूट्रिशस लंच और डिनर लेना है। डाइट का बैलेंस होना जरूरी है।

### डिनर लेने में ना करें देरी

आजकल बहुत सारे लोग लेट नाइट डिनर करते हैं, जो सही नहीं है। हालांकि हेल्थ कॉन्शस लोग शाम सात बजे तक अपना डिनर ले लेते हैं। यह बहुत अच्छी आदत है। इससे खाने को पचने के लिए पर्याप्त समय मिल जाता है और सुबह आप बहुत अच्छा फील करते हैं। जहां तक संभव होता है मैं भी डिनर जल्द ही कर लेता हूं। हालांकि जब शूटिंग चल रही होती है तब हम लोगों के लिए समय से लंच, डिनर करना और बैलेंस डाइट ले पाना बहुत मुश्किल हो जाता है। लेकिन जितना बेस्ट मैं कर सकता हूं, उस स्थिति में करने की कोशिश करता हूं। एक अच्छी बैलेंस डाइट लेने की पूरी कोशिश करता हूं।

### हमेशा खुश रहता हूं

मैं हमेशा खुश रहता हूं। मेरा मानना है कि फिट रहने के लिए जिंदगी में यह भी बहुत जरूरी है कि आप हर स्थिति में खुश रहें, मस्त रहें और अपने काम में व्यस्त रहें।

### अच्छी नींद जरूरी

फिट रहने के लिए खूब काम करना और उसके बाद रात को अच्छी गहरी नींद लेना बहुत जरूरी है। अच्छी नींद, अच्छी हेल्थ के लिए बहुत जरूरी होती है। इसलिए कितने ही व्यस्त रहें लेकिन नींद से समझौता न करें।

### पानी खूब पीता हूं

मैं खूब पानी पीता हूं। आपसे भी कहूंगा दिन भर में जितना हो सके पानी पीजिए। नारियल पानी, नीबू पानी, लस्सी, छाछ, दूध, फ्रूट जूस को भी शामिल करें। यानी, खूब लिक्विड अपनी बॉडी को दें।

### वॉकिंग है जरूरी

रोज कुछ समय वॉक पर जाएं। कोशिश करें कि जितना पैदल चल सकें चलें। सुबह की सैर या ईवनिंग वॉक जो कर सकते हैं करें। पैदल चलना बहुत अच्छा व्यायाम है, इसे अपनी रुटीन में शामिल करें। अगर हर इंसान 24 घंटे में से आधा घंटा भी तेज पैदल चले तो वह फिट रह सकता है। *

प्रस्तुति:रेणु खंतवाल

---


किसी रोग से ग्रस्त होने के बावजूद, अगर आप अच्छा-पॉजिटिव सोचेंगे तो न केवल अच्छा महसूस करेंगे, बल्कि इससे आपके स्वास्थ्य में भी तेजी से सुधार होगा। इसके विपरीत नेगेटिव विचारों, चिंता या भय से स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। ऐसा क्यों होता है और इससे कैसे अपना बचाव करें, आपको जरूर जानना चाहिए।

हेल्थ एडवाइस/ विनीता

## पॉजिटिव सोचें-हेल्दी रहें







आपने इस बात पर गौर किया होगा कि जब भी घर में कोई बीमार होता है, तो परिवार के बुजुर्ग सदस्य यही कहते हैं, कोई बात नहीं चिंता न करो, दवा समय पर लेते रहो, आराम करो, जल्द ही ठीक हो जाओगे। ऐसी बातें केवल बीमार को झूठा दिलासा देने या उसका मन बहलाने के लिए नहीं कही जातीं, बल्कि इसके पीछे यह मनोवैज्ञानिक तथ्य छिपा होता है कि अच्छा और पॉजिटिव सोचने पर सब कुछ अच्छा ही होता है। दरअसल, ब्रेन ही हमारी सभी शारीरिक-मानसिक क्रियाओं को नियंत्रित करता है, इसलिए जब हम अच्छा सोचते हैं तो हमें अच्छा महसूस भी होता है। फिर हमारी सारी गतिविधियां भी पॉजिटिव दिशा की ओर अपने आप बढ़ने लगती हैं।

### शोध से हो चुका प्रमाणित

वर्षों पहले वैज्ञानिक अध्ययन से भी इस तथ्य की पुष्टि हो चुकी है कि पॉजिटिव सोचने वाले अधिक हेल्दी रहते हैं। अमेरिकी वैज्ञानिक वाल्टर पी. कैनेडी ने 1961 में सबसे पहले नोसेबो इफेक्ट शब्द का प्रयोग किया था। इस टर्म की उत्पत्ति लैटिन शब्द 'नोसेरे' से हुई थी, जिसका अर्थ होता है-नुकसान पहुंचाना। उपचार के दौरान बीमार व्यक्ति के मनोदशा पर उसके सकारात्मक विचारों का क्या असर होता है, यह जानने के लिए वैज्ञानिकों ने जब उन पर अध्ययन किया तो उन्हें पता चला कि अच्छे परिणाम के बारे में सोचकर दवाओं का सेवन करने वाले लोगों की हेल्थ में तेजी से सुधार होता है। इस प्रभाव का नाम प्लेसिबो इफेक्ट दिया गया, जिसका अर्थ होता है, मैं शीघ्र स्वस्थ हो जाऊंगा। इसी अध्ययन के अपोजिट इफेक्ट को समझने के दौरान नोसेबो इफेक्ट का प्रभाव सामने आया। इन दोनों ही तरह के अध्ययनों में कई रोचक परिणाम सामने आए। जैसे मामूली सिरदर्द होने पर वैज्ञानिकों ने लोगों को दर्द निवारक रहित टॉफी जैसी कोई सादी गोली दी, जिसे लेने के बाद लोगों ने कहा कि उन्हें आराम महसूस हो रहा है, जबकि वास्तव में उन्हें कोई दवा दी ही नहीं गई थी। इसी तरह कोविड काल के दौरान प्रयोग के तौर पर कुछ लोगों को यह बताकर विटामिन के कुछ ऐसे हल्के इंजेक्शन दिए गए कि उन्हें कोविड से बचाव का वैक्सीन लगाया जा रहा है। चूंकि लोगों को पहले से इसके साइड इफेक्ट के बारे में मालूम था, इसलिए उन्हें सिरदर्द, नॉजिया और बुखार का भ्रम होने लगा। जबकि वास्तव में उन्हें कोई वैक्सीन नहीं लगाया गया था। टीके के असर के बारे में नकारात्मक बातें सोचने के कारण लोगों को ऐसी तकलीफ महसूस हो रही थी।



### नेगेटिव सोच का इफेक्ट

जो लोग अपनी हेल्थ के प्रति जरूरत से ज्यादा सचेत होते हैं, उनमें भी नोसेबो इफेक्ट के लक्षण नजर आते हैं। अब तक किए गए अध्ययनों से यह तथ्य सामने आया है कि जब कोई व्यक्ति लगातार यही सोचे कि मुझे दर्द हो रहा है, मुझे अमुक बीमारी है तो कुछ समय के बाद वाकई उसे दर्द होने लगता है। हालांकि वास्तव में वह शारीरिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ होता है, लेकिन मनोवैज्ञानिक कारणों से उसके शरीर में बीमारियों जैसे लक्षण भी प्रकट होने लगते हैं।

### इंटरनेट नॉलेज भी है वजह

आजकल किसी भी स्वास्थ्य समस्या का नाम सुनते ही लोग सबसे पहले इंटरनेट पर उसके बारे में सर्च करना शुरू कर देते हैं। उसके लक्षणों से अपना मिलान करने लगते हैं। सच्चाई यह है कि इंटरनेट पर मौजूद हर जानकारी पूरी तरह सही नहीं होती है। कई बार किसी स्वास्थ्य समस्या का विवरण कुछ इस तरह दिया जाता है कि उस जानकारी से लोग भयभीत हो जाते हैं और बीमार न होने पर भी खुद को गंभीर रोग का मरीज समझने लगते हैं।

### गैजेट्स के ओवरयूज से बचें

खुद को बीमार मानने की सोच से उबरने के लिए 24 घंटे स्मार्ट वॉच जैसे गैजेट्स से दूर रहना भी जरूरी है। अनेक हेल्थ एप्स का इस्तेमाल करने वाले लोग हमेशा इसी चिंता से त्रस्त रहते हैं कि आज दस हजार कदम चलने का मेरा टारगेट पूरा नहीं हुआ, कल रात मैं आठ घंटे की नींद नहीं ले पाया, मेरा ब्लड प्रेशर बढ़ रहा है, नाड़ी तेज गति से चल रही है। इस तरह से कई बार गैजेट्स और हेल्थ एप्स भी लोगों को हेल्थ एंग्जायटी का मरीज बना देते हैं, इनकी वजह से स्वस्थ व्यक्ति भी स्वयं को थका हुआ और बीमार महसूस करने लगता है। बीमार होने की सोच वाली समस्या से बचाव के लिए गैजेट्स का सीमित इस्तेमाल करें और इंटरनेट पर मौजूद हर जानकारी पर भरोसा ना करें। अपनी हेल्थ के बारे में हमेशा अच्छा और पॉजिटिव सोचें तो हेल्दी, एक्टिव और एनर्जेटिक रहेंगे।



### ऐसे करें बचाव

बीमार होने की नेगेटिव सोच से बचने के लिए थॉट रिप्लेसमेंट का तरीका अपनाएं। जब भी आपके मन में सेहत के प्रति कोई नकारात्मक विचार आए तो सचेत तरीके से उसी वक्त उन बातों से अपना ध्यान हटाकर अच्छी बातें सोचना शुरू कर दें कि मैं शीघ्र स्वस्थ हो जाऊंगा। मैं लगातार ठीक हो रहा हूं। तार्किक ढंग से सोचें और अपने जीवन की वास्तविकता को पहचानें। जब हेल्थ को लेकर मन में कोई डर या चिंता महसूस हो तो इस बात पर विचार करें कि हर बीमारी उपचार संभव है तो फिर परेशान नहीं होना चाहिए। इसके अलावा नकारात्मक बातों से ध्यान हटाने के लिए मनपसंद संगीत सुनें, प्रेरक किताबें पढ़ें या अपनी रुचि से जुड़े कार्यों में स्वयं को व्यस्त रखें। ध्यान और योग को नियमित रूप से अपनी दिनचर्या में शामिल करें। *

**(मनोवैज्ञानिक सलाहकार विचित्रा दर्गन आनंद से बातचीत पर आधारित)**

---

आहार/ राजकुमार 'दिनकर'

## गर्मी में पाचन सही रखे छाछ



सदियों से हमारे देश के ग्रामीण इलाकों के खान-पान का सबसे अहम हिस्सा दूध, दही और छाछ रहे हैं। लेकिन हाल के वर्षों में मई-जून के महीने में, जिस तरह की आग बरसाती गरमी पड़ने लगी है, उससे दही और छाछ की खपत शहरों में भी काफी बढ़ जाती है। ऐसा होना स्वाभाविक है, क्योंकि छाछ इन तपते दिनों में दिल से लेकर दिमाग तक को तृप्त कर देता है।

**बढ़ी है डिमांड-सप्लाई:** इस वर्ष भी अप्रैल के बाद से ही पूरे देश में बहुत तेजी से छाछ या मट्ठा की मांग बढ़ गई है। इसका कारण है तेज गरमी। छाछ के स्वाद और स्वास्थ्य को इससे होने वाले लाभ के कारण आज अनेक दुग्ध-उत्पादक कंपनियां पैकेटबंद अलग-अलग स्वाद की छाछ बाजार में बेच रही हैं। इन्हें खरीदकर पीने वाले ग्राहकों की संख्या में भी लगातार इजाफा हो रहा है। दरअसल, दही से बनने वाली छाछ में कई स्वास्थ्यवर्धक गुण मौजूद होते हैं।

**कई तरह से लाभकारी:** छाछ में मौजूद जीवाणु, आंतों में क्रियाशील हानिकारक कीटाणुओं को समाप्त कर देता है। यह हमारी रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। गर्मी के दिनों में तो यह एक औषधि जैसा काम करता है। आयुर्वेद में बताया गया है कि गर्मी के दौरान दोपहर के भोजन के अंत में छाछ पीना, स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक होता है।

**पाचन करे सही:** दूध और दही दोनों की अपेक्षा छाछ हल्का और सुपाच्य होता है। गर्मी के मौसम में अगर इसे रोज पिया जाए तो यह शरीर में आलस्य पैदा नहीं करता और इससे पेट में भारीपन भी महसूस नहीं होता है। कमजोर पाचनशक्ति वालों के लिए यह विशेष रूप से उपयोगी होता है। यह भोजन को जल्दी पचाने में भी सहायक होता है। इससे कब्ज और दस्त दोनो ही समस्याएं सही हो जाती हैं।

**कई रोगों से बचाए:** हृदय रोगियों के लिए छाछ विशेषतौर पर लाभदायक होता है, क्योंकि इसमें दूध की तुलना में चिकनाई कम होती है। इसके अलावा ब्लड प्रेशर, दमा, गठिया आदि बीमारियां मट्ठे के सेवन से पास नहीं फटकती हैं।

**रखें ध्यान:** छाछ का सेवन जहां तक हो सके, सुबह नाश्ते के समय और दोपहर के भोजन में ही करना चाहिए। छाछ हमेशा ताजा ही पीना चाहिए। इसे मिट्टी या कांच के बर्तन में पीना अधिक फायदेमंद होता है।

- बुखार आने पर, सर्दी के मौसम में या जुकाम होने की वजह से अगर कफ बन रहा हो तो इसका सेवन नहीं करना चाहिए।
- बारिश के मौसम में भी इसे नहीं पीना चाहिए या बहुत कम मात्रा में पीना चाहिए।
- बहुत ज्यादा खट्टा छाछ पीना भी शरीर को नुकसान पहुंचा सकता है। *

---

हर्बल जोन

रेखा देशराज

भृंगराज एक ऐसी जड़ी-बूटी है, जिसका कई तरह की शारीरिक समस्याओं में उपयोग किया जा सकता है। शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाने और बालों को हेल्दी रखने के साथ ही गर्मी में यह विशेष रूप से उपयोगी होता है। इसके गुणों के बारे में जानिए।

## कई समस्याओं में कारगर भृंगराज





भृंगराज का पौधा, इंसान को ज्ञात सबसे पुरानी और उपयोगी जड़ी-बूटियों में से एक है। आयुर्वेद में इसके अनेक उपयोग दर्ज हैं। सबसे ज्यादा तो यह जड़-बूटी ठंडे भृंगराज तेल के लिए जानी जाती है,जो सिरदर्द भगाने में रामबाण की तरह होता है। भृंगराज उन गिनी-चुनी हर्बल में से भी एक है, जिसका हर हिस्सा औषधीय दृष्टि से उपयोगी होता है। इसके इस्तेमाल से लिवर और आंतों के स्वास्थ्य में जबरदस्त सुधार होता है।

**कई नामों से लोकप्रिय:** भृंगराज को वनस्पतिशास्त्र में एक्लिप्टा अल्बा कहते हैं। इसके अन्य नामों में भांगड़ा, थिसल्स, माका, अंगारक, बंगरा, केसुती, बाबरी आदि हैं। इसे अलग अलग क्षेत्रों की बोली भाषाओं में अलग-अलग नाम से पुकारा जाता है। इसमें तीखी गंध होती है और ये उस जगह बारिश के दिनों में अपने आप उग आता है, जहां नमी होती है।

**गर्मी में विशेष लाभकारी:** भृंगराज की तासीर ठंडी होती है, इसलिए अगर गर्मी के मौसम में पेट संबंधी कोई भी समस्या मसलन अपच, गैस बनना और कब्ज से पीड़ित हों तो बहुत आसानी से इसके इस्तेमाल से इन समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। आयुर्वेद के मुताबिक अगर गर्मियों में भृंगराज का तीन महीने तक शर्बत पीया जाए, तो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है।

**बालों के लिए वरदान:** भृंगराज पौधे की पत्तियों में विशेष गुण होते हैं। जिन लोगों के सिर के बाल झड़ रहे हों, वो लोग अगर भृंगराज के पौधे की हरी पत्तियों को पीसकर अपने सिर में लगा लें तो बाल झड़ने तुरंत बंद हो जाते हैं। झड़ते बालों को रोकने ही नहीं बल्कि उन्हें काला करने के बारे में भी इसको ख्याति हासिल है।

**होते हैं कई गुण:** भृंगराज में अनेक प्रकार के एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं जैसे- फ्लेवोनॉयड और एल्कलॉइड। ये एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर को नुकसान पहुंचाने वाले हानिकारक पदार्थों को शरीर से बाहर निकालने का काम करते हैं और विभिन्न प्रकार के हानिकारक चीजों से लिवर की रक्षा करते हैं। लिवर की रक्षा के लिए भृंगराज बहुत उपयोगी माना जाता है। इसमें एंटीमाइक्रोबियल गुण भी होते हैं, जो लिवर को हैपेटाइटिस सी जैसे वायरल संक्रमण से बचाता है। भृंगराज शरीर में होने वाली सूजन को असरदार ढंग से रोकता है और इसके अंदर जो पोषक तत्व होते हैं, उन्हीं से बालों की गुणवत्ता और उनकी लंबाई में इजाफा होता है। त्वचा के कटने, छीलने या घाव आदि हो जाने पर भी यह असरदार तरीके से काम करता है। यह कफ और वात विकार को भी कम करता है। लिवर के साथ किडनी के स्वास्थ्य के लिए भी यह बेहद उपयोगी है। फैटी लिवर और पीलिया जैसी समस्याओं में यह बेहद असरकारी होता है। त्वचा के संक्रमण से भी यह बचाता है।

**एक्सपर्ट की राय से करें यूज:** इसकी पत्तियों का पेस्ट बनाकर और उसमें तेल मिलाकर इस्तेमाल कर सकते हैं। या फिर बाजार से मिलने वाले भृंगराज हर्बल के विभिन्न प्रोडक्ट्स जैसे कैप्सूल आदि का सेवन किया जा सकता है। भृंगराज का उपयोग हमेशा किसी आयुर्वेद एक्सपर्ट की सलाह और देख-रेख में ही करना चाहिए, वरना नुकसान भी हो सकता है। *

---

डिजीज

डॉ. माजिद अलीम

ब्रेन ट्यूमर की समस्या किसी भी उम्र में और किसी को भी हो सकती है। ऐसे में इससे बचाव का एक ही तरीका है कि समय रहते इसे डायग्नोज कर ट्रीटमेंट शुरू कर दिया जाए। इसके लिए लोगों में अवेयरनेस होना जरूरी है।

## ब्रेन ट्यूमर सजगता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है





विशेषज्ञों के मुताबिक़ ब्रेन ट्यूमर के चार स्टेज होते हैं और अगर तीसरे स्टेज के शुरुआत में भी इसका पता चल जाए तो बीमार व्यक्ति को बचाया जा सकता है। इस बात से यह महत्वपूर्ण तथ्य निकलता है कि अगर हम समय रहते ब्रेन ट्यूमर की पहचान कर लें, तो इस घातक बीमारी से हर हाल में बचा जा सकता है।

**किसी को भी हो सकता है:** हर साल दुनिया में ब्रेन ट्यूमर के 300000 से ज्यादा मामले सामने आते हैं। यह समझना भी जरूरी है कि कोई भी इसकी गिरफ्त में आ सकता है। एक जमाने में माना जाता था कि 20 साल की उम्र तक के लोगों को ब्रेन ट्यूमर की समस्या नहीं होती, लेकिन बदले खान-पान, प्रदूषण में हुए भारी इजाफे और अन्य कारणों के चलते आज 21 से 85 साल की उम्र समूह के किसी भी शख्स को इसकी समस्या हो सकती है। 40 साल से ज्यादा की उम्र वालों में इसकी आशंका इससे कम उम्र के लोगों के मुकाबले 20-21 फीसदी बढ़ जाती है।

**क्या है ब्रेन ट्यूमर:** वास्तव में जब मस्तिष्क में या इसके आस-पास की कोशिकाओं के डीएनए में खामी आ जाती है या वो बदल जाते हैं तो ये ब्रेन कैंसर के खतरे को जन्म देते हैं। दरअसल, डीएनए परिवर्तन के चलते जब ट्यूमर कुछ खास रसायनों के संपर्क में आता है तो इनका प्रभाव बहुत घातक हो जाता है। सवाल है, आखिर किसी को ब्रेन ट्यूमर किन वजहों से होता है और किन वजहों से इसमें लगातार तेजी आती जा रही है? सच्चाई यही है कि ब्रेन ट्यूमर की एक बड़ी वजह धरती में नियमित रूप से प्रदूषण का बढ़ना है। दरअसल निकिल, कैडमियम, विनाइल क्लोराइड, रेडान, बेंजीन ऐसे रसायन हैं कि अगर इन रसायनों के लगातार संपर्क में रहा जाए तो ब्रेन ट्यूमर की आशंका बढ़ जाती है। धूम्रपान भी इसकी दूसरी एक बड़ी वजह है। सिर में चोट लगने पर अगर सही से उसका इलाज न करवाया जाए तो एक स्थिति के बाद यह चोट भी मस्तिष्क ट्यूमर की वजह भी बन सकती है। लगातार तनाव में रहना, नींद न आना, बार बार चोट लगना इससे भी ब्रेन ट्यूमर की आशंका बढ़ जाती है।

**पहचानें शुरुआती लक्षण:** ब्रेन ट्यूमर को समय रहते पकड़ना मुश्किल नहीं है बशर्ते हम सजग हों। जब सुबह के समय सिर में तेज दर्द हो और इसी दर्द की वजह से कई बार रात को जागना भी पड़े तो यह सामान्य सिरदर्द नहीं। ऐसे में तुरंत न्यूरोलॉजिस्ट को दिखाना चाहिए कि कहीं यह ब्रेन ट्यूमर की निशानी तो नहीं। रात में और सुबह तेज सिरदर्द के अलावा ब्रेन ट्यूमर के जो अन्य महत्वपूर्ण लक्षण हैं उनमें-बोलने और सोचने में कठिनाई का महसूस होना, आंखों में धुंधला दिखना, अचानक सुनने की क्षमता में कमी हो जाना, चेहरे का सुन्न हो जाना, थूक को निगलने में कठिनाई होना, किसी चीज में मन न लगना, विभिन्न तरह की गंधों का पता न लगना यानी उनका एहसास न होना। ये सब ब्रेन ट्यूमर के लक्षण हो सकते हैं।

**संभव है ट्रीटमेंट:** ब्रेन ट्यूमर लाइलाइज नहीं है। लेकिन अगर समय रहते इस बीमारी को पकड़ने में आप चूक गए तो यह लाइलाज हो सकता है। इसलिए सबसे जरूरी यही है कि आप इसे लेकर सजग रहें। अगर आप के माता-पिता ब्रेन ट्यूमर के सर्वाइवर रहे हैं तो आपको और भी ज्यादा सावधान रहना चाहिए क्योंकि आपके इसकी चपेट में आने की आशंका और ज्यादा है। *

---

### आमंत्रित हैं लेख...

स्वयं डॉक्टर्स या लेखक, स्पेशलिस्ट डॉक्टरों से बातचीत पर आधारित लेख हमें इस पृष्ठ में प्रकाशनार्थ भेज सकते हैं। लेख इस पते पर भेजें

हरिभूमि- संपादक-सेहत

129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035

या मेल करें- sehatharibhoomi@gmail.com

## खबर संक्षेप

### खेत मालिक और सीरी में विवाद, दर्ज करवाया केस

**फतेहाबाद।** गांव अलीपुर बरोटा में एक किसान का ट्रैक्टर व खेत से 100 फुट केबल चोरी हो गई। किसान ने चोरी का आरोप अपने सीरी व उसके लड़के पर लगाया और पुलिस को शिकायत दी है।

### छीना-झपटी मामले में चार आरोपी दबोचे

**सिरसा।** ऐलनाबाद थाना पुलिस ने बीती 9 जून को ऐलनाबाद के मनीराम झोरड़ कॉलेज के सामने एक युवक से मोबाइल छीनने तथा उसकी मोटरसाइकिल छीनने का प्रयास करने के मामले के चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। ऐलनाबाद थाना प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान लखविंद्र पुत्र जगाराम निवासी सेक्टर-19 सिरसा, हरप्रीत पुत्र नक्षत्र सिंह निवासी गांव कोटडा पंजाब, चंद्रशेखर पुत्र अजय कुमार निवासी ढाणी सावनपुरा बेगू रोड तथा मोहित पुत्र बलजीत सिंह निवासी सुखचैन कॉलोनी बेगू रोड, सिरसा के रूप में हुई है।

### दुकान में चोरी के दोनों आरोपी गिरफ्तार

**रानियां।** शहर के वार्ड नंबर 9 स्थित एक दुकान से दो मोबाइल फोन, सिगरेट व कुछ नकदी चोरी की वारदात को पुलिस ने सुलझाते हुए घटना के दोनों आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया है। रानियां थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मनप्रीत उर्फ माना पुत्र परमजीत सिंह तथा राहुल पुत्र राजू निवासी वार्ड नंबर 9 रानियां के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपियों की निशानदेही पर चोरीशुदा दो मोबाइल फोन बरामद कर लिए गए है।

### कुमारी सैलजा कल डबवाली में

**डबवाली।** सिरसा लोकसभा सांसद कुमारी सैलजा आगामी 14 जून को डबवाली में कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करने आ रही हैं, इस दौरान वह कार्यकर्ताओं को संबोधित भी करेगी। विधायक अमित सिहाग ने बताया कि चुनाव जीतने के बाद सांसद कुमारी सैलजा आगामी 14 जून को डबवाली के स्थानीय चौटाला रोड स्थित एक निजी सभागार में कार्यकर्ताओं व आमजन का आभार व्यक्त करने आएगी।

### एनीमिया दूर करने में निभाएं जिम्मेदारियां

**सिरसा।** उपायुक्त आर.के. सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में एनीमिया जागरूकता को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने बैठक में 100 दिन तक जागरूकता अभियान को अच्छे से चलाने को लेकर संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए।

### सांसद शैलजा आज रतिया व 15 को फतेहाबाद में

**फतेहाबाद/रतिया।** सिरसा लोकसभा से नवनियुक्त सांसद कुमारी शैलजा 13 जून को रतिया व 15 जून को फतेहाबाद में कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करने पहुंचेगी। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव मंगतराम लालवास ने बताया कि कांग्रेस की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सिरसा सांसद कुमारी शैलजा वीरवार 13 जून को दोपहर 2:30 बजे शहर के फतेहाबाद रोड पर इंपीरियल गार्डन में रतिया विधानसभा क्षेत्र की जनता का आभार प्रकट करने पहुंच रही है।

### क्लब ने सिलाई सेंटरों पर सिलाई मशीनें की वितरित

**सिरसा।** लायंस क्लब सिरसा अमर की ओर से शहर में संचालित सिलाई सैंटरों पर सिलाई मशीने वितरित की गई। कार्यक्रम में प्रमुख समाजसेवी मानक चंद जैन ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। मानक चंद जैन ने कहा कि 21वीं सदी के भारत में जहां हम चांद पर पहुंच रहे हैं। वहीं दूसरी ओर हमारी बेटियां घर से बाहर निकलने पर भी कतराती हैं। इसलिए हमें उन्हें उच्च शिक्षा देनी होगी ताकि वे पढ़लिख कर काम सिखकर आत्मनिर्भर बन सके और देश का नाम रोशन कर सके।

## लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन

# समाधान शिविर में पीपीपी से जुड़ी 53 समस्याओं का हुआ निपटारा

हर रोज कार्य दिवस के दौरान सुबह 9 बजे से 11 बजे तक लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद




**फतेहाबाद।** समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनती एसपी आस्था मोदी व एडीसी राहुल मोदी। *फोटो : हरिभूमि*

प्रदेश सरकार के आदेशानुसार जनता की समस्याओं के निवारण के लिए जिला स्तर पर लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। तीसरे दिन करीब कुल 98 समस्याएं आई। समाधान शिविर में परिवार पहचान पत्र से संबंधित 75 समस्याओं में से मौके पर 53 का निपटारा किया गया। इसके अलावा शिविर में सामाजिक सुरक्षा पेंशन की 21, प्रोपर्टी आईडी से संबंधित दो समस्याएं सुनी गई। बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित हुए समाधान शिविर में पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी व अतिरिक्त उपायुक्त राहुल मोदी ने लोगों की समस्याएं सुनी। उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि प्रदेश सरकार ने नागरिकों की समस्याओं के निवारण के लिए मुख्य सचिव कार्यालय में समाधान प्रकोष्ठ का गठन किया है। इन शिविर में पुलिस, राजस्व, नगर निकाय, समाज कल्याण आदि जनकल्याण की योजनाएं लागू करने वाले विभागों के अधिकारी एक साथ मौजूद रहते हैं और लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाता है। बुधवार को आयोजित हुए समाधान शिविर में 'यादातर समस्याएं परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों को दूर करने तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन आदि से थी। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में कर्मचारियों की ड्यूटियां भी निर्धारित कर हुई है। आने वाली समस्याओं के निवारण के लिए कर्मचारी प्रार्थी की कुछ समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर रहे हैं। तकनीकी पहलुओं वाली समस्याओं को मुख्यालय में भी अनुशंसित की जा रही है। इसके अलावा उपमंडल स्तर पर संबंधित एसडीएम द्वारा भी समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। हर रोज कार्य दिवस के दौरान सुबह 9 बजे से 11 बजे तक लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

## नशा मुक्त भारत अभियान के तहत 26 तक चलाया जाएगा विशेष पखवाड़ा

- आमजन तथा युवाओं को नशे के खिलाफ किया जाएगा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिला पुलिस सिरसा द्वारा 12 जून से 26 जून तक विशेष पखवाड़ा चलाया जाएगा। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि इस अभियान के दौरान जहां मादक पदार्थ तस्करों पर और अधिक प्रभावी ढंग से शिकंजा कसा जाएगा। वहीं नशे जैसी सामाजिक बुराई से निपटने के लिए आमजन तथा युवाओं को खेल गतिविधियों के माध्यम जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस अपने स्तर पर नशे के खिलाफ जोरदार अभियान चलाए हुए है, परंतु इस अभियान की संपूर्ण सफलता के लिए जनसहयोग अतिआवश्यक है। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों से कहा है कि अपने-अपने क्षेत्रों में नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें तथा सेमिनार व गोष्ठियों के माध्यम से नशे के खिलाफ आमजन तथा युवाओं को जागरुक करें और जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे इस अभियान में आमजन को बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए भी प्रेरित करें। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों से कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों में नशे के कारोबारियों व नशे में सजायाफ्ता लोगों की प्रॉपर्टी का ब्यौरा जुटाएं और संबंधित विभाग से अनुमति लेकर नशे की काली कमाई से अर्जित की गई संपत्ति को अटैच करवाएं।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नशे से पीड़ित युवाओं को स्थानीय प्रशासन के सहयोग से इलाज करवाकर उनको समाज की मुख्य धारा में लाना पुलिस की सवार्च्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर उन्होंने आमजन से आह्वान किया गया कि गैरकानूनी धंधा करने वालों तथा नशा बेचने वालों की सूचना बिना किसी भय के एंटी ड्रग्स टोल फ्री नंबर 1800-120-2048 पर दें। इसके अलावा नशा बेचने वालों की सूचना ड्रग्स हेल्पलाइन नंबर 88140-56100 तथा 88140-11620 पर व्हाट्सएप या एसएमएस के माध्यम से भी दी जा सकती है। पुलिस अधीक्षक ने लोगों से आह्वान किया कि सामाजिक संस्थाएं, ग्राम पंचायतें, युवा क्लब व गांव में गठित कमेटियां इस अभियान में जिला पुलिस का पूरा सहयोग करें ताकि इस अभियान को सफलता के शिखर तक ले जाया जा सके।

### लालवास में सरपंच पर दर्जनों लोगों ने बोला हमला पंचायत घर की दीवारों को भी तोड़ा

**रतिया।** क्षेत्र के गांव लालवास के पंचायत घर में बैठे सरपंच व अन्य लोगों पर करीब 50 लोगों ने ट्रैक्टर ट्राली से हमला बोल दिया और ग्राम घर की दीवारों को भी तोड़ दिया। हमले में सरपंच व गांव के अन्य ग्रामीण घायल हो गए, जिन्हें बाद में रतिया शहर के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर सदर पुलिस मौके पर पहुंची और सरपंच की शिकायत पर करीब 50 लोगों पर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, तोड़फोड़ व हमला करने सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सदर पुलिस को दी शिकायत में गांव के सरपंच विक्रम सिंह ने बताया कि गांव के कुछ युवकों की अलीका गांव के युवकों के साथ पुरानी रंजिश चल रही थी, जिसका पंचायत में निपटारा हो गया था। सरपंच विक्रम ने बताया कि शाम को वह गांव के ही हैप्पी, संदीप व अन्य ग्रामीणों के साथ गांव के पंचायत घर में बैठा था, तभी गांव अलीका निवासी हंसराज, मेजर, पूर्ण, सतपाल और चरणजीत निवासी खैरपुर 40-50 अन्य लोगों के साथ हथियारों सहित ट्रैक्टर ट्रॉली पर सवार होकर पंचायत घर में आए और पंचायत घर के गेट और दीवारों को तोड़ते हुए पंचायत घर के अंदर घुस गए। इन लोगों ने मुझ पर, गांव के चौकीदार व मौजूद अन्य लोगों पर तेजधार हथियारों से हमला करते हुए उन्हें घायल कर दिया तथा उसके बाद हम लोगों ने उनके हमले से बचने के लिए गाड़ी के पीछे छिप गए तो उक्त हमलावरों ने गाड़ी के शीशे तोड़ दिए और उन्हें धमकियां देने लगे। शोर सुनकर पंचायत घर के आसपास के ग्रामीण भी मौके पर इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों की बढ़ती भीड़ को देखकर हमलावर मौके से फरार हो गए। इसके बाद सरपंच विक्रम, हैप्पी और संदीप को घायल अवस्था में शहर के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर सदर पुलिस टीम भी अस्पताल में पहुंची और सरपंच विक्रम की शिकायत पर गांव अलीका निवासी हंसराज, मेजर, पूर्ण, सतपाल और चरणजीत निवासी खैरपुर सहित 40-50 अन्य लोगों के खिलाफ सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, तोड़फोड़ व हमला करने सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पुराने टायरों को जलाकर तेल , पाउडर व तार निकालने वाले कारखाने में लगी आग



**भूना।** हिसार रोड पर गांव बैजलपुर के नजदीक पुराने टायरों को जलाकर तेल और पाउडर व तार निकालने वाले एक कारखाने में बुधवार की अलसुबह अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई। आग ने फैक्टरी के पूरे एरिया को चपेट में ले लिया। आगजनी की सूचना पर फतेहाबाद, टोहाना, रतिया, भूना, उकलाना व धारसूल से पहुंची दमकल विभाग 10 से 'यादा गाड़ियों के फायर कर्मियों ने करीब नौ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आगजनी की घटना से फैक्ट्री में लगभग 60 लाख से अधिक का सामान जलकर खाक हो गया।

हिसार रोड पर स्थित बैजलपुर गांव के निकट बाबा राणाधीर केमिकल फैक्टरी है। इसमें पुराने टायरों को जलाकर तेल, पाउडर और तार निकालने का काम होता है। फैक्टरी में बुधवार की अलसुबह कर्मचारी काम पर लगे थे। सुबह करीब दो बजे बॉयलर के पास से आग की लपटें निकलते देख कर्मचारियों ने उसे बुझाने का प्रयास किया लेकिन वह थमने की बजाय और फैल गई। आग ने फैक्टरी परिसर में रखे पुराने टायरों और तेल को चपेट में ले लिया। आग भड़कती देख कर्मचारियों ने फैक्टरी से बाहर भागकर अपनी जान बचाई और फैक्ट्री के मालिक को घटनाक्रम से अवगत करवाया। सूचना मिलते ही फैक्ट्री के मालिक मुकेश कुमार मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने के लिए फतेहाबाद व हिसार जिला के दमकल विभाग से मदद मांगी। सूचना पर सर्वप्रथम भूना व फतेहाबाद व टोहाना के दमकल की पांच गाड़ियां पहुंची। चूंकि फैक्टरी खुले एरिया में है और पूरे परिसर में टायर और तेल रखे होने की वजह से आग पूरे परिसर तक फैल गई, इसलिए उकलाना व रतिया तथा धारसूल के दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर काबू पाने के प्रयास शुरू किए। टायर जलने से आसमान में काला धुआं और लपटें उठ रही थी, इसलिए आग बुझाने में दमकल कर्मियों को खासी मशक्कत करनी पड़ी। करीब नौ घंटे तक जूझने के बाद दोपहर करीब सवा 12 बजे आग पर काबू पाया जा सका। फैक्ट्री के मालिक मुकेश कुमार ने बताया कि आग लगने के कारण का अभी कोई सुराग नहीं लगा है। आगजनी से उन्हें 50 से 60 लाख का नुकसान हो गया। फैक्ट्री में तेल के अतिरिक्त मशीनें एवं टायर जल कर राख हो गए। इस संबंध में थानाध्यक्ष संदीप कुमार ने बताया कि बुधवार की सुबह-सुबह बैजलपुर गांव के पास पुराने टायरों का तेल व पाउडर निकालने वाली फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कंट्रोल रूम को सूचित किया। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, लेकिन बड़ी जनहानि होने से बच गई।

### राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने 3 नशा तस्कर दबोचे

**सिरसा।** नाकार्ेटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट सिरसा ने 2 मोटरसाइकिल सवार 3 नशा तस्करों से 25 ग्राम हेरोइन बरामद कर उन्हें गिरफ्तार किया है। यूनिट इंचार्ज राकेश कुमार ने बताया कि एक पुलिस टीम एएसआई चानन राम के नेतृत्व में गांव सिकंदरपुर क्षेत्र में मौजूद थी, तभी फतेहाबाद की तरफ से एक मोटरसाइकिल सवार आता हुआ दिखाई दिया जो सामने पुलिस पार्टी को खड़ा देखकर वापस मुड़कर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उसे काबू कर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 10 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान धीरज कुमार निवासी नोहरिया बाजार के रूप में हुई है। राकेश कुमार ने बताया की इसके अलावा एक पुलिस टीम एएसआई जयवीर के नेतृत्व में सिरसा से फतेहाबाद की तरफ जा रही थी तो रास्ते में दरियापूर के पास बाइक सवार दो नौजवान युवकों को हेरोइन सहित काबू किया हैं। तलाशी लेने पर उनके पास 15 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पकड़े गए आरोपियों की पहचान हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी व राजकुमार ऊर्फ गोलू पुत्र बारूराम निवासी गांव बिगड़ जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है।

# लंबे समय तक नहीं चलेगी सरकार

- लोकसभा चुनावों से पहले ही जनता के मूड को भांप चुकी थी भाजपा सरकार :गिलांखेड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** भूना में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते आनंदवीर गिलांखेड़ा।

लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को देश और प्रदेश की जनता ने जो समर्थन दिया, उसने भाजपा नेताओं की नींद उड़ा कर रख दी है। कल तक 400 पार का नारा देने वाली भाजपा सरकार आज बैसाखियों पर आ गई है। गठबंधन की यह सरकार लंबे समय तक नहीं चल पाएगी और अपनी बोझ तले अपने आप ही गिर जाएगी। यह बात पूर्व मुख्य संसदीय सचिव प्रहलाद सिंह गिलांखेड़ा ने भूना में कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कही। लोकसभा चुनावों में कार्यकर्ताओं द्वारा की गई जी तोड़ मेहनत और उसके सफल परिणाम के लिए पूर्व सीपीएस ने कार्यकर्ताओं को बधाई दी और इसी तरह अपना जोश बरकरार रखते हुए आगामी विधानसभा चुनावों के लिए कमर कसने का आह्वान किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व सीपीएस प्रहलाद सिंह गिलांखेड़ा ने कहा कि हरियाणा की जनता ने लोकसभा चुनावों में भाजपा को सबक सिखाने का काम किया है। कल तक अहंकार में डूबी इस सरकार के नेताओं के घमंड को जनता ने अपनी वोट की ताकत से चकनाचूर कर दिया है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है। इस सरकार से प्रदेश का हर वर्ग दुःखी है। कर्मचारी, किसान, मजदूर, महिलाएं, युवा हर वर्ग के लोग अपनी समस्याओं को लेकर सड़कों पर उतरने को मजबूर है। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेन्द्र लेगा, पूर्व नगरपरिषद प्रधान जुगलाल टुटेजा, गोपाल चौधरी, संतलाल जांगू, पवन चुघ, हंसराज कटारिया, मुख्तयार सिंह सदर, पूर्व जिला पार्षद अजय मेहता, नगरपालिका भूना के पूर्व उपप्रधान अनिल नड्डा, ईश्वर गर्ग पहाड़ी, कश्मीर कम्बोज, रमेश कम्बोज नंबरदार, फकीरचंद मित्तल सचिव व्यापार मंडल, प्रवीन धारनियां, सीटू धारनियां, श्रवण बिश्नोई, जयदेव बंसल, देवीदयाल गुप्ता, संजय सिंगला, गुलाब खान, जम्मू दोधी, प्रवीन राणा, ईश्वर भुक्कर, ओमप्रकाश पूर्व पार्षद, अतुल सोनी पूर्व पार्षद, महेन्द्र जांडली, श्याम लाल गोयल, राजू नागपाल, मिंटू मोंगिया, सोहनलाल वल्मीकि, राहुल सिंगला, सुरेश सिंगलास, देवीलाल टाक, सतीश गिल, बलजीत लेबर यूनियन, विक्रम ठाकुर, एडवोकेट सुमित, अजय तायल सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 14 तक फ्री अपडेट करवा सकते हैं आधार कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

यूआईडीएआई ने आमजन की सुविधा के मद्देनजर निशुल्क में आधार कार्ड अपडेट की तारीख 14 जून निर्धारित की हुई है। नागरिक स्वयं भी वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डाट माईआधार डॉट यूआईडीएआई डॉट जीओवी डॉट आइएन पर जाकर अपना आधार कार्ड अपडेट कर सकते हैं। इसके अलावा किसी भी सीएससी व आधार सेंटर पर जाकर करवाया जा सकता है।

डीसी राहुल नरवाल ने बताया की सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आधार कार्ड सबसे अह्म दस्तावेज है और 8 से 10 साल पुराने आधार कार्ड को अपडेट करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पहले 14 मार्च तक फ्री में आधार अपडेट किया जा सकता था, जिसे अब तीन महीने आगे बढ़ाते हुए आधार कार्ड को अपडेट करने की तिथि 14 जून तक कर दी गई है। उपायुक्त राहुल नरवाल ने जिला के नागरिकों से आह्वान करते हुए कहा कि जिन व्यक्तियों ने पिछले आठ या दस सालों में आधार कार्ड को अपडेट नहीं कराया है, वे अपने आधार कार्ड में समय रहते अपडेशन जरूर करवा लें ताकि उन्हें भविष्य में सरकारी योजना का लाभ लेने व अन्य किसी प्रयोजन में समस्या पेश ना आए। आधार कार्ड को अपडेट के लिए जो दस्तावेज इस्तेमाल करते हैं उस पर आपका नाम, जन्मतिथि सही होनी चाहिए।

## गांव बीघड़ की चौपाल में आभार सभा आयोजित

# समस्याओं का डोर टू डोर समाधान करे सरकार : ज्याणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** गांव बीघड़ में आभार सभा को संबोधित करते अनिल ज्याणी।

सिरसा लोकसभा से कांग्रेस को मिली ऐतिहासिक जीत ने साबित कर दिया है कि प्रदेश की जनता अब भाजपा कुशासन से मुक्ति पाना चाहती है। लोकसभा चुनावों में मिली करारी हार के बाद भाजपा सरकार की नींद खुली और उसे अब प्रोपर्टी आईडी, परिवार परिवार पत्र व पेंशन को लेकर दर-दर की ठोकरें खा रही जनता की याद आई है। यह बात स्वास्तिक एनजीओ के अध्यक्ष एवं फतेहाबाद विधानसभा से चुनाव मैदान में उतरने की घोषणा कर चुके युवा नेता अनिल ज्याणी ने गांव बीघड़ की चौपाल में आयोजित आभार सभा को संबोधित करते हुए कही। अनिल ज्याणी ने लोकसभा चुनावों में सिरसा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार कुमारी सैलजा को दिए गए भारी जनसमर्थन के लिए गांववासियों का आभार जताया और विधानसभा चुनावों में भी इसी तरह उनका सहयोग करने की अपील भी अपील की। इसके बाद अनिल ज्याणी सरपंच एसोसिएशन के प्रदेश प्रवक्ता एवं युवा कांग्रेस नेता चन्द्रमोहन पोटलिया के गांव ढांड स्थित आवास पर पहुंचे और उनका मुंह मीठा करवाकर सैलजा को मिली जीत पर बधाई दी। चन्द्रमोहन पोटलिया ने भी अपने निवास पर अनिल ज्याणी का स्वागत किया। इसके अलावा अनिल ज्याणी ने गांव तामसपुरा के सरपंच मांगेराम की माता एवं पूर्व सीएम चौ. भजनलाल के पीएसओ रहे मक्खन लाल गोदारा, सदलपुर की माता के निधन पर शोक जताने उनके निवास पर भी पहुंचे। उन्होंने गांव धांगड़, एमपी रोही, बड़ोपल, सदलपुर, नहला, भूना, तामसपुरा सहित फतेहाबाद विधानसभा के अनेक गांवों में जाकर शोक सभाओं में भी भाग लिया। बिश्नोई सभा फतेहाबाद के प्रधान भूप सिंह गोदारा के बीघड़ स्थित घर जाकर उनके स्वास्थ्य का हालचाल जाना। बीघड़ चौपाल में आयोजित आभार सभा को संबोधित करते हुए अनिल ज्याणी ने कहा कि भाजपा सरकार अब समाधान शिविरों के नाम पर लोगों को फिर लाइनों में लगाने का काम कर रही है। सरकार को चाहिए कि वह लोगों को बेवजह परेशान करने की बजाय डोर टू डोर जाकर लोगों की समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने सरकार के फेलियर को देखते हुए प्रदेश की जनता अब बदलाव लाना चाहती है और इसका झलक लोकसभा चुनावों में साफ नजर आ चुकी है। हरियाणा में होने वाले विधानसभा चुनावों में जनता भाजपा कुशासन को जड़ से उखाड़ फैंकेगी। इस अवसर पर मनीष वर्मा, जयबीर भाटी, पलविन्द्र चिमा, जितेन्द्र सैन, अशोक दयोल, हवा सिंह फ्रंड पूर्व सरपंच, रोहित नायक, जोना देवी नायक, रवि गोदारा चिंदड़, रोहित नायक, हर्ष, विकास, बबलू, ईश्वर मेहता, डॉ. बंसीलाल, कृष्ण खिचड़, घमंडी राम, सीआर वर्मा, जयवीर भाटी, पवन पूनियां, रितिक मांझू, बंटी वर्मा, राजेश आमरा, जगदीश कटारिया, मुकेश सैनी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

विज्ञापन
**बाअदालत जनाब जिला राजस्व अधिकारी साधिकार कलेक्टर फतेहाबाद**
मुकदमा नम्बरः- तारीख पेशी-8-7-2024
अमी लाल पुत्र हरसुख पुत्र मघा पुत्र धर्मा निवासी पीलीमन्दोरी तहसील वा जिला फतेहाबाद।
बनाम
1- रिडमल पुत्र काशी राम पुत्र बल्लु 2- मीना पुत्री काशी राम पुत्र बलु 3- देवी लाल 4- हेम राज 5- कृष्ण कुमार 6- बनवारी लाल पुत्रान घड्सी पुत्र काशी 7- चमेली देवी पुत्री घड्सी पुत्र काशी राम निवासीयान पीलीमन्दोरी तहसील वा जिला फतेहाबाद ...उतरवादीगण
दरखास्त बराये फकुल रहन बाबत अराजी खसरा नम्बर 171//17 (8-0), 18 (8-0), 19/1 (2-4), तादादी 18 कनाल 4 मरले का 1/2 हिस्सा बाकदर 9 कनाल 2 मरले वाक्या मौजा पीलीमन्दोरी तहसील वा जिला फतेहाबाद बर बिनाय वा शहादत तहरीरी वा तकरीरी हर किसम।
**आदेशः-** यह दरखास्त प्रार्थी ने उतरवादीगण के खिलाफ दायर की है जिसमे उतरवादीगण को नियम अनुसार इस न्यायालय द्वारा तलब किया गया लेकिन उनकी तामिल अब तक ना हो सकी है और काफी प्रयास इस न्यायालय द्वारा किये जा चुके है और अदालत इस निष्कर्ष पर पहुंचीं है कि उतरवादीगण की तामिल आसान तरीका से ना हो सकती है। अतः इस विज्ञापन द्वारा उतरवारदीगण को सुचित किया जाता है कि उतरवादीगण दिनाकं 8-7-2024 को इस न्यायालय मे असालतन या वकालतन पेश होकर जवाब देही करे वरना एकतरफा कारवाई अमल में लाई जावेगी।
यह आदेश आज दिनाक 12.06.24 को इस न्यायालय की मोहर वा मेरे हस्ताक्षर सहित जारी किया गया है।
**जिला राजस्व अधिकारी**
**साधिकार कलेक्टर फतेहाबाद**

विज्ञापन
**बाअदालत जनाब जिला राजस्व अधिकारी साधिकार कलेक्टर फतेहाबाद**
मुकदमा नम्बरः तारीख पेशी-8-7-2024
जगतपाल पुत्र पृथ्वी उर्फ पृथो सिहं पुत्र राम रख पुत्र ईशर निवासी पीलीमन्दोरी तहसील वा जिला फतेहाबाद।
बनाम
1- रघबीर सिहँ 2- महाबीर पुत्रान श्रीमति इमरता पुत्री पेमा 3 चन्द्र मुखी 4-शान्ति देवी 5- मैना देवी पुत्रीयान ईमरता पुत्री पेमा 6- श्रीमति सुगनी 7- पारी पुत्रीयान पेमा पुत्र दौलत राम 8-जगराम 9- बदरी पुत्रान पेमा पुत्र दौलत 10- श्रीमति राम प्यारी विधवा मोहरू राम पुत्र पेमा 11- हजारी 12- बगड़ावत 13 दयानन्द पुत्रान लेख राम पुत्र दौलत राम 14- श्रीमति रेशमा विधवा राम चन्द पुत्र लेखु 15- शंकर 16- अमर सिहँ पुत्रान सुरस्ती पुत्री लेखु 17- भोजा 18- जोरा पुत्रान दौलत राम पुत्र नाथा 19 मोहर सिहँ 20- भागीरथ 21- नेकी राम पुत्रान श्रीमति कमला पुत्री सुरस्ती 22- श्रीमति सुमित्रा 23- कृष्णा 24- रोशनी पुत्रीयान श्रीमति कमला पुत्री सुरस्ती 25- चन्द्र मुखी पुत्री हजारी पुत्र लेख राम 26- गोपी राम 27- जगदीश पुत्रान रिछपाल पुत्र बगड़ावत पुत्र लेख राम 28 सुभाश 29 आजाद पुत्रान बगड़ावत पुत्र लेख राम 30- उमेद पुत्र खेतपाल पुत्र बगड़ावत पुत्र लेख राम 31 राजेन्द्र 32- विजय सिहँ पुत्रान भागीरथ पुत्र राम चन्द्र पुत्र लेख राम 33 सतपाल 34- जय सिहँ 35- धोलु राम पुत्रान राम मुर्ति पुत्र राम चन्द्र 36 हरी सिहँ 37 सीता राम पुत्रान दयाल चन्द पुत्र लेख राम 38- विजेन्द्र पुत्र औम प्रकाश पुत्र दयाल चन्द 39- जगमाल पुत्र जोरा राम 40- योगेश 41- मुकेश पुत्रान इन्द्र पुत्र हरयाल पुत्र जोरा राम 42- इन्द्राज पुत्र मिनाक्षी लाल पुत्र दौलत राम 43-कुलदीप पुत्र अमी लाल पुत्र श्रीराम पुत्र भोजा राम 44- सुधीर पुत्र राम मुर्ति पुत्र सरवण पुत्र भोजा 45- जयदेव 46- रोहताश पुत्र रणजीत पुत्र भोजा राम 47- भुप सिहँ पुत्र राम सिहँ पुत्र मोहरू राम पुत्र पेमा 48- रमेश 49 जसवन्त पुत्रान बहादर पुत्र राम सिहँ 50- राम कुमार पुत्र जग राम पुत्र पेमा राम 51- रणबीर सिहँ 52- दशरथ 53- सतबीर 54- धर्मपाल 55- बुध राम पुत्रान बदरी प्रसाद पुत्र पेमा राम निवासीयान पीलीमन्दोरी तहसील वा जिला फतेहाबाद ...उतरवादीगण
दरखास्त बराये फकुल रहन बाबत अराजी खसरा नम्बर 16//21/2 (3-13), 22(7-7) 23 (7-7) 27//1/2 (4-0), 2(8-0), 3(8-0), 8(8-0), 9 (8-0), 10/2(2-0), तादादी 56 कनाल 7 मरले वाक्या मौजा पीलीमन्दोरी तहसील वा जिला फतेहाबाद बर बिनाय वा शहादत तहरीरी वा तकरीरी हर किस्म।
**आदेशः-** यह दरखास्त प्रार्थी ने उतरवादीगण के खिलाफ दायर की है जिसमे उत्तरवादीगण को नियम अनुसार इस न्यायालय द्वारा तलब किया गया लेकिन उनकी तामिल अब तक ना हो सकी है और काफी प्रयास इस न्यायालय द्वारा किये जा चुके है और अदालत इस निष्कर्ष पर पहुंचीं है कि उतरवादीगण की तामिल आसान तरीका से ना हो सकती है। अतः इस विज्ञापन द्वारा उतरवारदीगण को सुचित किया जाता है कि उतरवादीगण दिनाकं 8-7-2024 को इस न्यायालय मे असालतन या वकालतन पेश होकर जवाब देही करे यदि कोई उतरवादी फोत हो चुका है तो उसके वारसान इस न्यायालय में असालतन या वकालतन पेश होकर जवाब देही करे। वरना एकतरफा कारवाई अमल में लाई जावेगी।
यह आदेश आज दिनाक 12.06.24 को इस न्यायालय की मोहर वा मेरे हस्ताक्षरसहित जारी किया गया है।
**जिला राजस्व अधिकारी**
**साधिकार कलेक्टर फतेहाबाद**

**खबर संक्षेप**

### पीर के रोजे पर लगेगा भंडारा

**सिरसा।** हुडा सेक्टर-20 ग्लोबल स्पेसेज रोड, आदर्श कॉलोनी में स्थित श्री अग्रवाल पीर व मां ज्वाला जी मंदिर में लालां वाले पीर व कोटले वाले पीर के रोजे का स्थापना दिवस 13 जून को धूमधाम से मनाया जा रहा है। मंदिर के मुख्य सेवक विजेंद्र सिंगला (कूका बाबा) ने बताया कि 13 जून की सांय 7 बजे केक काटा जाएगा। सवा सात बजे मंदिर प्रांगण में ही लंगर भंडारा आयोजित किया जाएगा, जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। उन्होंने सभी धर्म प्रेमी सज्जनों से आह्वान किया।

### विवेक भारती ने ततिमा अपडेट के कार्य का किया निरीक्षण

**सिरसा।** अतिरिक्त उपायुक्त डा. विवेक भारती ने बुधवार को स्थानीय सरल केंद्र में स्थापित जीआईएस लैब में चल रहे ततिमा अपडेट के कार्य का निरीक्षण किया। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि प्रत्येक जिला में भूमि के ततिमा अपडेट का कार्य किया जा रहा है, जिसके लिए जीआईएस लैब स्थापित की गई है। पटवारी व कम्प्यूटर ऑपरेटरों को प्रशिक्षण देकर ततिमा अपडेट करवाया जा रहा है। मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी. उमाशंकर ने मंगलवार देर सायं वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से ततिमा अपडेट के कार्य की समीक्षा की थी।

### रामदेव मंदिर के दानपात्र से नकदी चोरी

**सिरसा।** जिला के गांव साहुवाला प्रथम में बाबा रामदेव मंदिर में लगे दानपात्र को तोड़कर चोर 4 हजार रुपए की नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में मंदिर के पुजारी सोहनलाल ने बताया कि 10 जून की सुबह वह पूजा पाठ के बाद मंदिर बंद कर घर चला गया। दोपहर को चोरों ने मंदिर में घुसकर वहां लगे दानपात्र तो तोड़कर उसमें रखी करीब 4 हजार रुपए की नकदी चोरी कर ली।

### व्यक्ति को कार ने मारी टक्कर, मौत

**सिरसा।** ऐलनाबाद के उधम सिंह चौक के निकट रोड किनारे खड़े व्यक्ति को कार सवार ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कार सवार मौके से भाग गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को अस्पताल में पहुंचाया। पुलिस को दिए बयानों में मृतक की पत्नी गांव मौजूखेड़ा निवासी मनदीप कौर ने बताया कि वह अपने पति मृतक मेजर सिंह के साथ गांव तलवाड़ा खुर्द गए थे। इसी दौरान साइड से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी।

### तीन किसानों की फसल को ट्रैक्टर चलाकर किया बर्बाद

**फतेहाबाद।** गांव जांडली खुर्द में कुछ लोगों ने दो एकड़ जमीन में खड़ी फसल को ट्रैक्टर से बर्बाद कर दिया। पंचायत में भरपाई के लिए हामी भरने के बावजूद आरोपी पलट गए तो किसानों ने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव जांडली खुर्द निवासी जोगीराम, रमेश व शमशेर ने कहा कि उन्होंने 2020 में कृष्णा नामक महिला ने 35 कनाल 7 मरले जमीन राममेहर से खरीदी थी।

### कब्जा करने वालों को पहले भेजा था नोटिस, अब की कार्रवाही

# गुडियाखेड़ा में पंचायती भूमि व रूपावास में गलियों से हटाया कब्जा



सिरसा। गांव गुडियाखेड़ा में कब्जा हटवाते प्रशासनिक अधिकारी।

**एसडीओ गुरबक्स की देखरेख में कब्जा हटाओ कार्रवाई की गई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौपटा

क्षेत्र के गांव गुडियाखेड़ा में पंचायती भूमि व रूपावास गांव में गली पर किया गया कब्जा बुधवार को हटवा दिया गया है। गांवों में ड्यूटी मैजिस्टेट पंचायती राज विभाग के एसडीओ गुरबक्स की देखरेख में जेसीबी से कब्जा कार्रवाई की गई। इस दौरान गांवों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया। जानकारी के अनुसार गांव रूपावास में गली के अंदर मिट्टी डाली हुई थी। इससे पानी निकासी की परेशानी आ रही थी। इसी को लेकर ग्रामीणों को बरसात के दिनों में दिक्कतें झेलनी पड़ती थी। गली से कब्जा हटवाने के लिए ग्रामीण मांग कर रहे थे। इसी को लेकर प्रशासन को भी शिकायत की गई। गली से बुधवार को कब्जा हटवाने के लिए ड्यूटी मैजिस्टेट पंचायती राज विभाग के एसडीओ गुरबक्स सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद जेसीबी व ट्रैक्टरों की सहायता से गली से कब्जे हटवा दिए गए।

**गुडिया गांव में पंचायती भूमि पर किया था कब्जा**

गुडिया गांव में पंचायती भूमि पर सात आठ लोगों ने कब्जा किया हुआ था। यहां पर किसी ने ईंट डाली हुई थी तो किसी ने दीवार निकाली हुई थी। इसी के साथ कई लोगों ने कूड़ा कर्कट व उपले डाले हुए। कब्जा करने वालों को पहले नोटिस भी दिया गया। इसके बाद भी उन्होंने पंचायती जमीन से कब्जा नहीं हटवाया। गांव में पंचायती भूमि पर किए गये कब्जे की शिकायत प्रशासन से की गई। कब्जे हटवाने के लिए ड्यूटी मैजिस्टेट पंचायती राज विभाग के एसडीओ गुरबक्स सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद जेसीबी व ट्रैक्टरों की सहायता से पंचायती भूमि से कब्जा हटवा दिया गया।

# स्कूल प्रिंसिपल से 5 लाख ठगे

- ओएलएक्स पर डायनिंग टेबल बेचने के चक्कर में ठगी का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

ओएलएक्स एप पर डायनिंग टेबल बेचने के चक्कर में पढ़ी लिखी एक महिला ठगी का शिकार हो गई। ठगों ने उसके बैंक खाते से 5 लाख 6 हजार रुपये की निकासी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाना सिरसा पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। निजी स्कूल में प्राचार्य के रूप में कार्यरत सिरसा की गली तेलियांवाली निवासी रेणू पत्नी कमल कुमार की ओर से पुलिस में दर्ज करवाई गई शिकायत में बताया कि उसे अपनी पुरानी डायनिंग टेबल बेचनी थी। इसलिए उसने ओएलएक्स एप पर अपना अकाऊंट बनाया और डायनिंग टेबल की फोटो एप पर अपलोड कर दी। उसने बताया कि उसके पास किसी अजनबी का फोन आया और उसने डायनिंग टेबल खरीदने में रूचि दिखाई। डायनिंग टेबल का 12 हजार में सौदा तय हुआ। उसकी ओर से 5 रूपये गूगल पे के लिए क्यूआर कोड भेजा गया। जिसे स्कैन करने पर 5 रुपये प्राप्त हो गए। इसके बाद उसने 12 हजार रुपये के भुगतान के लिए क्यूआर कोड भेजा, जिसे स्कैन करने पर 12 हजार रुपये उनके खाते से निकलकर अजनबी के खाते में जमा हो गए। अजनबी व्यक्ति ने 23900 रुपये की पेमेंट करने के लिए फिर से क्यूआर कोड भेजा, जिसे स्कैन करने पर उक्त राशि फिर से उसके खाते में चली गई। इसके बाद उसने 48 हजार रुपये के भुगतान के लिए क्यूआर कोड भेजा, इस बार भी उनके खाते से पैसे की निकासी होकर अजनबी के खाते में जमा हो गई।

**साइबर ठगी बारे लगातार जागरूक कर रही पुलिस**

पुलिस व प्रशासन की ओर से साइबर ठगी से बचने के लिए नागरिकों को लगातार जागरूक किया जाता है। स्कूल, कालेज, गांव की चौपालों में जाकर पुलिस अधिकारी लोगों को साइबर ठगी से बचने के उपाय बताते है। इसके बावजूद लोग साइबर ठगों के झांसे में आ जाते है और अपनी जमा पूंजी गंवा बैठते है।

### चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार

**ओढां।** पुलिस ने चोरी की दो वारदातों को सुलझाते हुए तीन आरोपियों को काबू कर उनके कब्जा से चोरीशुदा बाइक व एक गट्टा गेहूं बरामद की है। ओढां थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि सुखदेव सिंह पुत्र गुरदेव सिंह निवासी ओढां की शिकायत पर 11.06.2024 को उसके घर से तीन गट्टे गेहूं के चोरी होने पर मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान साइबर सैल व सीसीटीवी फुटेज की सहायता से आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक गट्टा गेहूं व वारदात में प्रयोग किया गया बाइक बरामद किया गया है। आरोपियों की पहचान निक्का सिंह उर्फ लखविंद्र पुत्र पप्पु, सुरेंद्र पुत्र सोहन सिंह व जसबीर सिंह उर्फ सीप्पा पुत्र अजायब सिंह निवासी ओढां के रुप में हुई है।

## फरियादियों को तुरंत न्याय दिलाएं : पुलिस अधीक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने कहा कि आमजन की पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतें व समस्याओं की गंभीरता से सुनवाई कर उन्हें शीघ्र न्याय दिलवाना पुलिस की पहली प्राथमिकता है। पुलिस अधीक्षक ने जिला के आमजन से अपील की है कि वे अपनी पुलिस विभाग से संबंधित किसी भी शिकायत व समस्या के संबंध में सुबह 9 बजे से लेकर 11 बजे तक मिनी सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्या व शिकायत के संबंध में मिल सकते हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हर रोज सुबह 9 बजे से लेकर 11 बजे तक मिनी सचिवालय में जहां उपायुक्त आमजन की विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों का निवारण करते हैं, वहीं वे स्वयं इस समय के दौरान उपस्थित होकर पुलिस विभाग से संबंधित समस्याओं की सुनवाई कर उनकी शिकायतों का निवारण करते हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस संबंध में जिला के सभी पुलिस अधिकारियों तथा थाना प्रभारियों को भी सख्त निर्देश दिए गए हैं, कि वे उनके पास आने वाले फरियादियों की प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई कर उन्हें शीघ्र न्याय दिलवाने का प्रयास करें।

## गेहूं की घटौती से परेशान आढ़तियों में मचा हाहाकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

- प्रधान मेहता ने की घटौती को खत्म करने की मांग

बेशक गेहूं का सीजन बीत चुका है, मगर गेहूं की घटौती के नाम पर आढ़तियों की परेशानी अब भी बरकरार है। सीजन के दौरान गेहूं की घटौती पूरी करने के बावजूद अधिकारी अब भी आढ़तियों से गेंहू की घटौती पूरी करने को कह रहे हैं जो आढ़तियों के साथ 'यादती है। इसे माफ किया जाना चाहिए। आढ़ती एसोसिएशन सिरसा के प्रधान मनोहर मेहता ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि गेहूं का सीजन समाप्त होने के बाद भी आढ़तियों का सिरदर्द कम नहीं हो रहा है। जब सीजन के दौरान गेहूं के ट्रक कंडे पर तुलने के लिए जाते थे, उस वक्त जो गेहूं की घटौती होती थी, उसे आढ़तियों ने उसी वक्त गेहूं के कट्टे भर-भर कर दिए थे और घटौती पूरी कर दी थी। उस समय आढ़तियों ने राहत की सांस लेते हुए सोचा था कि अब उन्हें परेशान नहीं किया जाएगा, मगर ऐसा नहीं हुआ। अब आढ़तियों से दोबारा घटौती ली जा रही है जो अनुचित व 'यादती है। उन्होंने कहा कि एजेंसियों के अधिकारी अपनी मर्जी से नियम बनाकर आढ़तियों को परेशान कर रहे हैं।

### कमरे में रखी पेंट की जेब से 18 हजार की नकदी चोरी

**सिरसा।** रानियां रोड स्थित बाबा बिहारी वाली गली में चोर दीवार फांदकर कमरे में घुसे और वहां रखी पेंट की जेब से 18 हजार रुपए की नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में लखविंद्र सिंह ने बताया कि 10 जून की रात को वह घर के बाहर बने कमरे में सो गया। उसने अपनी पेंट कमरे में ही रखी थी। उसने बताया कि देर रात्रि को चोरों ने दीवार फांदकर घर में घुसते हुए पेंट की जेब में रखी 18 हजार रुपए की नकदी चोरी कर ली। सुबह जब वह उठा तो उसे घटना का पता चला। अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया।

## हर समस्या का समाधान करना जिला प्रशासन का मुख्य लक्ष्य : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। शिकायतें सुनते उपायुक्त आरके सिंह।

प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के निदान के लिए जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त आर.के. सिंह की अध्यक्षता में स्थानीय लघु सचिवालय परिसर स्थित उपायुक्त कार्यालय में तीसरे दिन भी सुबह 9 बजे से 11 बजे समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में बुधवार को कुल 70 शिकायतें आई जिनके निवारण के लिए मौके पर ही संबंधित विभागों को दिशा निर्देश दिए गए। समाधान शिविर में पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण, अतिरिक्त उपायुक्त डा. विवेक भारती, नगर आयुक्त सुरेंद्र सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उपायुक्त आर.के. सिंह ने बताया कि कुल 70 समस्याओं में से सबसे अधिक 18 समस्याएं परिवार पहचान पत्र से संबंधित, 12 समस्याएं पुलिस विभाग, 11 समस्याएं जिला नगर आयुक्त, 5 समस्याएं एमआई काडा विभाग, 4 समस्याएं जिला समाज कल्याण विभाग से संबंधित थी।

### हुडा सेक्टर से गाड़ी चोरी

**सिरसा।** सिरसा में सक्रिय वाहन चोर गिरोह की पहली पसंद क्रेटा कार बनी हुई है। चोरी की वारदातों में चार पहिया वाहनों में सर्वाधिक क्रेटा गाड़ियां चुराई जा रही है। नए मॉडल की लग्जरी कारों में शुमार क्रेटा के संभवतः ब्लैक मार्केट में अधिक भाव मिलते है, इसलिए चोरों की निगाह इस कार पर अधिक रहती है। मंगलवार को सिविल लाइन सिरसा पुलिस ने हुडा सेक्टर-20 निवासी अर्पण सेठी पुत्र पृथ्वीराज सेठी की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ कार चोरी का मामला दर्ज किया है। अर्पण सेठी ने बताया कि उसने अपनी क्रेटा कार एसएक्स मॉडल 2021 को 10 जून की रात्रि को घर के बाहर खड़ा किया था। सुबह उसने अपनी कार को नदारद पाया। चोरीशुदा कार की कीमत 8 लाख रुपये बताई गई है।

## बस पर आतंकी हमले को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा




सिरसा। विश्व हिंदु परिषद व बजरंग दल एडीसी को ज्ञापन सौंपते हुए।

- विहिप ने राष्ट्रपति के नाम अतिरिक्त उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन
- इस घटना में 10 निर्दोष हिन्दू तीर्थयात्री मारे गए

जम्मू कश्मीर में वैष्णों देवी कटरा से शिव खोडी जाते समय 9 जून को हिंदू श्रद्धालुओं की बस पर पाकिस्तान पोषित इस्लामिक जेहादी आतंकवादियों के कायराना हमले को लेकर विश्व हिंदु परिषद व बजरंग दल की ओर से बुधवार को एडीसी डॉ. विवेक भारती को महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। दीपक सोलंकी गौरक्षा प्रमुख, अरविंद भारद्वाज नगर सह संयोजक, तरुण शर्मा, अभिषेक, कबीर, चिराग सहित अन्य ने संयुक्त रूप से बताया कि इस घटना में 10 निर्दोष हिन्दू तीर्थयात्री मारे गए। यह घटना संपूर्ण देशवासियों को स्तब्ध करने वाली है। इस दुष्कृत्य से पूरा देश आहत है और तीव्र आक्रोश में है। उन्होंने बताया कि जम्मू काश्मीर लंबे समय से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का दंश झेल रहा है, धारा 370 हटने के बाद एक आशा की 'योति जगी, लेकिन लगता है उग्रवादियों का मनोबल अभी कम नहीं हुआ है। हिंदुओं को चिन्हित करके उनकी हत्या की घटनाएं बढ़ी हैं, इन सब के पीछे स्पष्ट रूप से पाकिस्तान का हाथ है। देश के नई सरकार के शपथ के समय इस प्रकार का दुस्साहसिक कृत्य करके इस्लामी आतंकवादियों ने देश के संप्रभुता को चुनौती दी है। बजरंग दल मारे गए हिंदू तीर्थयात्रियों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है। उन्होंने राष्ट्रपति से मांग की कि इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण पाने के लिए निर्णायक और कठोर कदम उठाने के लिए केंद्र

### भाखड़ा नहर में डूबे युवक का शव बरामद

**भूना।** भूना क्षेत्र में भाखड़ा नहर में डूबे व्यक्ति का शव आज गोताखोरों की मदद से पुलिस ने बरामद कर लिया है। नहर से निकालने के बाद मृतक के शव को पुलिस के द्वारा पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल फतेहाबाद में लाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार 20 वर्षीय अजय पुत्र रामचंद्र भूना के मॉडल टाउन का रहने वाला था। वह बीते दिनों भाखड़ा नहर में नहाने गया था, इसी दौरान नहर में पानी का बहाव तेज होने के करना वह डूब गया। भाखड़ा नहर पर अजय की चप्पल बरामद हुई थी। जिसके बाद परिजनों ने उसकी नहर में तलाश शुरू करवाई। पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद गोताखोरों की मदद से नहर में खोजबीन की जा रही थी।

## नंबरदारों ने उपायुक्त को सौंपा मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र



सिरसा। बैठक करते नंबरदार।

- वसूली की लिस्टें जारी करने पर नंबरदारों में सरकार के प्रति भारी रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

जिला की सात तहसीलों के नंबरदारों ने अपनी मांगों को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम एक मांग पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में राजेंद्र कुमार तहसील प्रधान, जिला प्रधान हरफूल चंद, जयदयाल प्रधान तहसील गोरीवाला, चोपटा प्रधान दलीप सिंह, हरजिंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, होशिरयाचंद सहित अन्य नंबरदारों ने संयुक्त रूप से बताया कि वर्ष 2018 में पूर्व सीएम मनोहरलाल ने 24 फरवरी के बजट में प्रकाशित किया था कि ब्रिटिश काल से चला आ रहा आबयाना 1 अप्रैल 2024 से बंद कर दिया जाएगा, जबकि सरकार ने इस संबंधी कोई नोटिफिकेशन जारी नहीं किया है। सरकार ने इसके उलट सभी नंबरदारों को वसूली की लिस्टें जारी कर दी, जिससे नंबरदारों में सरकार के प्रति भारी रोष है। उन्होंने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी से उनकी मांग है कि आबयाना की पिचोतरा फीस 30 जून 2024 से बढ़ाकर 30 जुलाई 2024 तक दी जाए, जिससे नंबरदारों को आबयाना वसूली में इजाफा हो सके। रजिस्टरी के समय आबयाना की रसीद बुक साथ लगाने का फरमान जारी किया जाए। नंबरदारों को हरियाणा सरकार द्वारा पूर्व मु यमंत्री मनोहरलालने 14 अक्तूबर 2018 को आयुष्मान कार्ड देने की घोषणा की थी, जोकि अभी तक पूरी नहीं की गई है। नंबरदारों की मांग है कि सभी नंबरदारों को आयुष्मान कार्ड बनाकर दिए जाएं। नंबरदारों ने बताया कि पिछले 5 वर्ष 8 महीनों से प्रति माह नंबरदारों को 3 हतार रुपए प्रति माह मानदेय दिया जा रहा है, जोकि महंगाई को देखते हुए बहुत कम है।

### सीटीएम को उपायुक्त के नाम सौंपा ज्ञापन

# बाढ़ नुकसान के मुआवजे की मांगों पर किसानों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद





फतेहाबाद। गुलाबी सुंडी व बाढ़ से हुए नुकसान के मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन करते किसान, गुलाबी सुंडी व बाढ़ से हुए नुकसान के मुआवजे की मांग को लेकर नगराधीश को ज्ञापन सौंपते किसान। *फोटो : हरिभूमि*

खरीफ 2023 में गुलाबी सुंडी से खराब हुई नरमा कपास की फसल का बीमा कम्पनियों से मुआवजा दिलवाने की मांग को लेकर किसानों द्वारा बुधवार को फतेहाबाद में डीसी कार्यालय पर रोष प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व अखिल भारतीय किसान सभा के जिला प्रधान कामरेश विष्णुदत्त ने किया। इस दौरान किसानों ने जमकर नारेबाजी की वहीं सीटीएम को उपायुक्त के नाम ज्ञापन भी सौंपा। प्रदर्शन के दौरान किसानों को संबोधित करते हुए विष्णदत्त शर्मा ने कहा कि बीमा कम्पनियों की मनमानी और सरकार के उदासीन रवैये के चलते खरीफ फसल 2023 का भूना व विशेष तौर पर भट्टूकलां इलाके में गुलाबी सुंडी से खराब नरमा-कपास की फसल का बीमा क्लेम और मुआवजा लगातार संघर्ष करने और प्रशासन के आश्वासन के बाद भी अभी तक नहीं मिला है। इसे तुरंत किसानों के खातों में डाला जाए। इसके अलावा जलभराव व बाढ़ से जाखल, रतिया, टोहाना, भूना व भट्टू में सरकार की घोषणा के बावजूद भी फसलों, ढाणियों, ट्यूब्वैलों व पशुओं का भारी नुकसान होने के बावजूद एक भी पैसा नहीं मिला है। सरकार यह राहत राशि तुरंत जारी रहे। एक फसला का खर्चा, दूसरा बीमा कम्पनियों की लूट फिर गुलाबी सुंडी द्वारा फसलों को तबाह करने के बाद पैदावार में कटौती ने किसानों को गहरे कर्ज में धकेल दिया है। उन्होंने उपायुक्त से मांग की है कि गुलाबी सुंडी से खराब नरमा-कपास की फसला का मुआवजा, बाढ़ से किसानों की तबाही से राहत सरकार की घोषणा के मुताबिक तुरंत दिलवाने की मांग की है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530209, 9315429403, 9253681005